## सार-समाचार

### यातायात नियमों के बारे में दी जानकारी

**राजलदेसर ।** राजलदेसर थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कस्बे के टैक्सी स्टैंड पर टैक्सी ड्राइवर में आमजन को बताते हुए कहा कि दिनों दिन साइबर ठगों के जाल में लोग फंसते जा रहे हैं। ऐसे में साइबर ठगों से बचाव के लिए जागरुकता ही सबसे बड़ी सावधानी है। इसलिए स्वयं जागरुक हों और दूसरों को भी जागरुक करें। उन्होंने आमजन को जागरुक करते हुए बताया कि साइबर अपराध में ठगी करने वाले बदमाश वर्तमान परिवेश में पैसों की ठगी, ब्लैकमेलिंग करने के अपराध में विभिन्न तरीके खोजकर आम लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। इससे बचने के लिए आम लोगों की सतर्कता ही आपकी ढाल बन सकती है। साइबर अपराधों की प्रवृत्ति से जागरुक होकर सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंनेकहा कि इस तरह के फ्रॉड से और साइबर अपराधों से बचने के लिए स्वयं जागरुक रहें और अपने आस पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी जागरुक करना हम सभी की जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर उन्होंने यातायात नियमों के बारे में भी जानकारी दी एवं अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना करने की अपील । इस अवसर पर मोहनलाल महावर, भवानी पांडे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शंकरलाल खडोलिया , पार्षद जयचंद महावर , परमनाथ सिद्ध, लालचंद पांडे, जावेद सिक्का, लालचंद आचार्य ,गोपाल दाधीच, सोनू सैनी सहित बड़ी संख्या में आमजन व टैक्सी ड्राइवर मौजूद रहे ।

### केशवानन्द में शैरा का सम्मान आज

**सीकर।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर की जूनियर विंग में वार्षिक उत्सव आरंगम् का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि संस्थान की जूनियर विंग जोवियल स्कूल में वार्षिक उत्सव आरंगम् 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जायेगा साथ ही अजमेर हाइवे पर हुई एलपीजी गैस टेंकर दुर्घटना में मानवता के दूत के रूप मसीहा बनकर आये शैरा चौधरी को सुबह 11.30 बजे रामू का बास से बडे काफिले के साथ स्वागत करते हुए पालवास चौराहा, नानी सर्किल होते हुए संस्थान में 12.15 बजे गाजे बाजे साथ लाया जायेगा जहॉ उनका भव्य स्वागत किया जायेगा एवं नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया जायेगा। शैरा चौधरी ने अपने जान की परवाह ना करते हुए अपनी स्वयं की गाडियों से घायलों को आग से निकालकर अस्पताल पहुचाया जिससें दर्जनों लोगो की जान बचाई जा सकी। उस विकट स्थिति में कोई भी व्यक्ति आग के पास जाने को तैयार ना था उस समय दूत के रूप में शैरा चौधरी ने आग से घिरे दर्जनों लोगों को निकालकर उनकी जान बचाई।

### 13 को निकलेगी विशाल पैदल चुनडी यात्रा

**उदयपुरवाटी** (निसं) । कस्बे में 13 जनवरी को उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक पदयात्रा निकाली जाएगी। विशाल पैदल चुनड यात्रा को लेकर तैयारियां चल रही है जमात स्थित गणपति मैरिज गार्डन से चुनड यात्रा उदयपुरवाटी के मुख्य मार्गो से होती हुई शाकंभरी सकराय धाम पहुंचेगी मुख्य मार्गों में जगह-जगह चुनड यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा मूलचंद सैनी ने बताया कि घूम चक्कर के पास सीकर रोड पर वार्ड नंबर 10 में महिलाओं द्वारा मां शाकंभरी की चुनड़ी के बूटी लगाई गई इस दौरान ममता शर्मा, दीपिका शर्मा, वंदना शर्मा, कमल कुमावत, सरल कुमावत, सुमित्रा कुमावत, संतोष स्वामी सहित कई महिलाएं मौजूद रही ।

### पेड से गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। गांव जयपुरिया पटटा में खेजडी के पेड की छंगाई करते समय खेजडी से गिरने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार सुबह 10 बजे मिली जानकारी के अनुसार भजनलाल पुत्र भैराराम मेघवाल निवासी जयपुरिया पटटा तहसील राजगढ चूरू ने हाजिर थाना होकर देकर मामला दर्ज करवाया है कि उसके चाचा का लडका मोहरसिंह पुत्र महावीर सायं 5 बजे अपने खेत में खेजडी की छंगाई कर रहा था तभी खेजडी से गिर गया। जिसके बाद उसे घर लेकर आए। तथा राजगढ अस्पताल में लाने के लिए गाँव से गाडी बुलाई और राजगढ के लिए रवाना हुए तो बीच रास्ते में उसके चचेरे भाई मोहरसिंह की मृत्यु हो गई। भजनलाल ने दर्ज मामले में बताया कि उसके चचेरा भाई मोहरसिंह की अपने खेत में खेजडी की छंगाई करते समय खेजडी के ऊपर से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

### जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किए

**चूरू ।** मंगलमय वीर हनुमान सुंदरकांड समिति चूरू की ओर से रविवार को जयपुर रोड़ ओवर ब्रिज के पास स्थित झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले जरूरतमंदो को शॉल और मफलर वितरित किये गये। समिति के सुनील पिथीसरिया ने बताया कि अत्यधिक सर्दी को देखते हुये हर वर्ष की भांति इस बार भी जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर पवन ठठेरा, देवकीनंदन शर्मा, राजेश सुरेखा, अंकित, पिथी सरिया, राजेश प्रजापत, कमल सैनी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पुण्य स्मृति में लड्डू वितरित किए

**रतनगढ़**(निसं)।उदारमना भामाशाह दिनेश कुमार अजीतसरिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र सुमित अजीतसरिया के सौजन्य से देवकिशन स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में समग्र समाज के असमर्थ वृद्धजनों,विधवा महिलाओं व दिव्यांग जनों को आज सर्दी से बचाव हेतु देशी धी में तैयार मैथी के लड्डू वितरित किए गये। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि स्व.दिनेश जी अजीतसरिया द्वारा शुरू की गयी इस पुनित परम्परा को जारी रखते हुए उनके सुपुत्र सुमित ने इस वर्ष 7 क्विंटल लड्डू तैयार करवाएं हैं जो रतनगढ़ के साथ साथ उनके पैतृक गांव अजीतसर में पात्र लोगों को वितरित किए जा रहे हैं।

### निः शुल्क शिविर 22 को

**रतनगढ़** ( निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट ,शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में गुड्डी देवी पत्नी अनूप जोशी की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन दिनांक 22 जनवरी 2025 वार बुधवार को माहेश्वरी भवन ,रामचंद्र पार्क के पास होगा । शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

## प्रतिभाओं का किया अभिनंदन

**सादुलपुर** (निसं)। दसवें एशियन पेसिफिक डेफ गेम 2024 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले तहसील राजगढ के गांव चांदगोठी के खिलाडी संदीप स्वामी तथा उसकी बहन अंतरराष्ट्रीय खिलाडी मंजू बाला स्वामी का रविवार को अभिनंदन किया गया। स्वामी समाज समिति की ओर से स्वामी समाज सामुदायिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम प्रधानाचार्य अर्जुन राम स्वामी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में तहसील भर के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाडी मंजू बाला स्वामी ने ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि जिन प्रतिभाओं को सहयोग नहीं मिल पाता, ऐसी प्रतिभाओं को समाज प्रोत्साहित करें ताकि प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिल सके। उन्होंने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उसका भाई संदीप निश्चित ही अगले ओलंपिक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगा। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय खिलाडी और भारतीय सेना के जवान राकेश स्वामी तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित सुनील कुमार स्वामी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, सरपंच धर्मपाल स्वामी, प्रधानाध्यापक राजेंद्र स्वामी सहित मुंशी राम, राधेश्याम स्वामी, दिनेश कुमार, सुमेर लसेडी, राकेश स्वामी, स्वामी समाज समिति के प्रभारी शुभराम न्यांगली आदि ने भी आभार जताते हुए ऐसे कार्यक्रमों में हर संभव सहयोग का आश्वाशन दिया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात के नियमों की दी जानकारी

## सड़क दुर्घटना के बढ़ते ग्राफ को रोकने में प्रत्येक व्यक्ति निभाएं भागीदारी



सिंघाना के बाइपास सर्किल पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के जागरूक अभियान का शुभारंभ किया ।

**खेतड़ी ,** (निसं)। सिंघाना के बाइपास सर्किल पर रविवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के जागरूक अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार, अजय गुप्ता थे, जबकि अध्यक्षता सुरेश शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से एक माह तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने कहा कियह सरकार का 35 वां सड़क सुरक्षा सप्ताह है।

यदि व्यक्ति यातायात नियमों की पालना कर वाहन चलाएं तो दुर्घटना में कमी आ सकती है। राज्य सरकार इसके लिए नित नए कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। सड़क पर होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए व किसी व्यक्ति की जान बचाने वाले को सरकार पुरस्कृत भी करती है। वहीं सड़क दुर्घटना में मदद करने वाले व्यक्तियों के लिए सरकार ने शिथिलता भी बरती है। जिसके अंतर्गत उनसे पुलिस के द्वारा कोई पूछताछ व कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसके लिए हर व्यक्ति को मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरा अधिक होता है, जिसके लिए धीमी गति से वाहन चलाना चाहिए। प्रदेश में हर साल 11 हजार से अधिक मौतें सड़क दुर्घटना के कारण होती है, जिसमें 79 प्रतिशत मौतें 18 साल से 45 साल के बीच होती है। जिसको रोकने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी मानकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। पैदल चलने वालों को भीसड़कसुरक्षानियमों का पालन करना चाहिए। परिवहन विभाग अपनी आय का 50 फ़ीसदी पैसा सड़क सुरक्षा में ही खर्च कर रह है। परिवहन विभाग के सहयोग से प्रत्येक जिला व तहसील स्तर पर ट्रोमा सेंटर भी बनाए जा रहे हैं। प्रदेश में सबसे अधिक मौतें सड़क हादसों में हो रही हैं। इसमें वाहन चालकों के ही लापरवाही सामने आती है। यदि बढ़ते हादसों को रोकना है तो प्रत्येक व्यक्ति कोयातायातनियमों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा व अन्य व्यक्तियों को भी सहयोग के हाथ बढ़ाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। इस दौरान उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एएसआई सूबेसिंह सिंह यादव, सिपाही निहाल सिह, निवेश, हैडकस्टेबल झाबरमल, खेमचद, नरेश निर्वाण आदि मौजूद थे।

## धानका विकास समिति की बैठक आयोजित

**पाटन ।** धानका विकास समिति की बैठक का आयोजन प्रेम दास कबीर आश्रम डाबला रोड पर आयोजित हुई। जिसमें समाज के लोगों ने समाज हित में निर्णय लेते हुए कहा कि धानका प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करवाया जाए, तथा समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाए जिससे इनमें प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हो सके। इस पर स्वजातीय बंधुओ ने अपनी सहमति जताते हुए कहा कि अध्यक्ष के निर्णयानुसार एक निश्चित समय तय किया जाए और तय समयानुसार कार्यक्रम आयोजित करवाया जाए ।बैठक की अध्यक्षता हजारीलाल देहरान ने की। नव वर्ष की बधाई देते हुए उपस्थित स्वजातीय बंधुओ ने समिति का पुनर्गठन करने के लिए सर्व सहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष हजारीलाल देहरान, उपाध्यक्ष रामचंद्र ब्राह्मणी रैया का बास, उपाध्यक्ष अमरचंद इंदौरा नीमकाथाना, महासचिव रोशन लाल खर्रा नीमकाथाना, सह सचिव रमेश कुमार सोलंकी दलपतपुरा, कोषाध्यक्ष दाताराम ब्राह्मणी रैया का बास, विजय कुमार खर्रा कुरबड़ा, सुशील कुमार बल्लूपुरा, राजेंद्र किशोरपुरा, रोहिताश बल्लूपुरा, धर्मपाल दलपतपुरा, अमर सिंह स्यालोदडा बनाए गए । इसी के साथ सक्रिय सदस्य में रामकिशन, नाथूराम, मदनलाल, प्रहलाद ,बाबूलाल, मालाराम, रामावतार, लालचंद नियुक्त किए गए। समिति के संरक्षक धन्ना दास महाराज कबीर आश्रम पाटन, किशोर खर्रा रैया का बास, मदन दलपतपुरा को बनाया गया।

# सैकडों श्रद्धालुओं ने भण्डारे की नामचर्चा में की शिरकत

**सादुलपुर,** (निसं)। एमएसजी डेरा सच्चा सौदा एव मानवता भलाई केन्द्र के वर्तमान गद्दी नशीन पूज्य संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के हुक्मानुसार एमएसजी डेरा सच्चा की दुसरी पातशाही बेपरवाह शाह सतनाम सिंह जी महाराज के पवित्र अवतार माह के भण्डारे पर राजगढ ब्लॉक की नामचर्चा का आयोजन किया गया। वहीं रविवार दोपहर अढाई बजे तक राजगढ ब्लॉक के बैरासर बडा गांव में धर्मपाल इन्सां के निवास पर आयोजित भण्डारे की ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा में सर्व प्रथम उपस्थित साध संगत ने धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा के पवित्र नारे के साथ अरदास विनती बोलकर नामचर्चा का शुभारंभ किया गया। इसी दौरान ब्लॉक राजगढ के सैकडो श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं राजस्थान राज्य के 85 मेंबर टीम सेवादार प्रभूराम इन्सां व रामचन्द्र इन्सां ने डेरा एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केन्द्र की हिदायतें बताई, तथा एमएसजी डेरा सच्चा सौदा द्वारा किये जा रहे मानवता भलाई के कार्यो में बढ-चढकर भाग लेने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते ब्लॉक प्रेमी सेवक सम्पत इन्सां ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा की दुसरी पातशाही शाह सतनाम सिंह जी महाराज ने जनवरी माह में ही जन्म लिया था, तथा इस पूरे माह को एमएसजी डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालु पूरे विश्व में भण्डारे के रूप में मनाते है, तथा इसी कडी में आज बैरासर बडा में ब्लॉक राजगढ की ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा अवतार माह के उपलक्ष में भंडारे के रूप में मनाई गई हैं। उन्होंने अपने सतगुरू के प्रति दृढ विश्वास, एमएसजी डेरा सच्चा सौदा द्वारा किये जा रहे 169 मानवता भलाई के कार्यो में बढ-चढकर भाग लेने, 15 मेम्बर प्रेमी पंचायत के द्वारा अपने-अपने गांव तथा शहर में किसी की दु:ख तकलीफ में हिस्सा लेकर सहयोग करने, सेवा के साथ सिमरन करने, गांव शहर में होने वाली नामचर्चाओं में आने के लिए सभी के घर-घर जाकर आमत्रित करने एवं साध संगत द्वारा किये जाने वाले मानवता भलाई के कार्यो एवं प्रेमियों का डाटा तैयार करने का आह्वान किया। ब्लॉक प्रेमी सेवक सम्पत इंसा ने नामचर्चा कार्यक्रम का संचालन किया। इसी दौरान राजस्थान प्रान्त के राजगढ ब्लॉक के 85 मेम्बर टीम सेवादार, आईटी विंग के सेवादार, शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर फोर्स विंग के सेवादार एवं गांव शहर के प्रेमी सेवक सहित सैकडों संख्या में श्रद्धालुओं ने ब्लॉक स्तरीय विशेष नामचर्चा में शिरकत कर सतगुरू की महिमा का गुणगान किया। वहीं ब्लॉक प्रेमी सेवक सम्पत इन्सां ने नामचर्चा की कार्यवाही करवाते हुए पधारी हुई समस्त साध संगत का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संस्कृति सप्ताह का किया शुभारंभ

**रतनगढ़( निसं )।** भारत विकास परिषद् ,शाखा - रतनगढ़ द्वारा आज महात्मा ज्योतिबा फुले सरस्वती संस्कार केंद्र , रतनगढ़ पर संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित कर संस्कृति सप्ताह का शुभारंभ किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरिता चांडक उपस्थित थी। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में मंजुला चाकलान, विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपिका शर्मा व सन्तरा देवी की उपस्थित रही। अपने उद्बोधन में श्रीमती चाकलान ने संस्कारों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की हिदायत दी। मुख्य अतिथि सरिता चांडक ने संस्कृति सप्ताह के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया।कार्यक्रम को शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अत्यधिक सर्दी से बचाव के लिए परिषद् द्वारा उपस्थित बच्चों को सिर के बचाव हेतु टोपी और पैरों के लिए जुराब वितरित किए गए।

# 103 वर्ष प्राचिन महावीर पुस्तकालय का होगा जीर्णोद्धार

**सीकर ।** शहर के मध्य स्थित महावीर पुस्कालय अपने आप मे कई प्राचिन पांडुलिपियों, हस्तलिखित पुस्तको एवं ऐतिहासिक धरोहरों को समेटे हुए हैं इसमे कितनी ही हस्तियों ने अपने अध्ययन के दौरान पढाई की है।

इसके जीर्णोद्धार के लिए रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान डॉ वी के जेन व पदाधिकारीयो इसमे पढ़े व शहर के आमजनो से अपील की की इसके जीर्णोद्धार में अपने अमूल्य सुझाव व हर तरह से सहयोग प्रदान करे जिससे इस ऐतिहासिक पुस्कालय को पुन: संचालन कर सके और शहर को एक नई सौगात मिल सके। वरिष्ठ पत्रकार पशुपति कुमार शर्मा ने बताया कि महावीर पुस्तकालय को आज की आवश्यकता के अनुसार नया लुक देकर शुरू किया जाएगा।

27 वर्षों से बंद पुस्तकालय को पिछले महीनों समाजसेवी डॉ वीके जैन ने 15 लाख रुपए कर्मचारियों का वेतन देकर, न्यायालय से पुस्तकालय की चाबी प्राप्त की थी। डॉ जैन ने बताया कि 103 साल पुराने इस महावीर पुस्तकालय का जीर्णोद्धार किया जाएगा। डॉ जैन ने कहा पुस्तकालय परिसर में अध्ययन और ग्रुप स्टडी के लिए नियमित रूप से सुविधा देने के साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्ययन हेतु विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया जा सकता है। डॉ जैन ने कहा पुस्तकालय भवन की क्षितग्रस्त दीवारों, छत की मरम्मत कराकर आकर्षक रंग रोगन कराया जाएगा। उन्होंने कहा ऐतिहासिक धरोहर को संक्षिप्त रूप में संजोने में पूरा सहयोग दिया जाएगा। डॉ जैन ने कहा पुस्तकालय में ई लाइब्रेरी, वाईफाई, सीसीटीवी, बुकशेल्फ सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। मीडिया वार्ता में वरिष्ठ सीए सुनील मोर, कैलाश मोदी, पशुपति कुमार शर्मा, भंवर सिंह शेखावत, महावीर पुरोहित मौजूद रहे।

# भोपाल गढ़ विकास समिति की बैठक,खेतड़ी के विकास को लेकर की चर्चा,

- सामाजिक क्षेत्र में भागीदारी निभाने का किया आव्हान
- भोपाल गढ़ विकास समिति का मुख्य उद्देश्य खेतड़ी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है : दयानंद सिंह

**खेतड़ी ,** (निसं) । खेतड़ी कस्बे के भोपालगढ़ किले स्थित सतीश माता मंदिर परिसर में रविवार कोभोपाल गढ़ विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। दयानंद सिंह धाबाई की अध्यक्षता में हुई बैठक में खेतड़ी के विकास को लेकर चर्चा करते हुए सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभाने का आव्हान किया गया है।समिति के दयानंद सिंह धाबाई ने बताया किभोपाल गढ़ विकास समिति का मुख्य उद्देश्य खेतड़ी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

खेतड़ी रियासत कालीन समय से जयपुर के बाद दूसरी सबसे बड़ी रियायत हुआ करती थी। रियासत कालीन समय में खेतड़ी का क्षेत्र की पूरे विश्व में एक अलग पहचान थी। राजा अजीत सिंह व स्वामी विवेकानंद की दोस्ती से खेतड़ी पूरे विश्व में जगजाहिर हुई थी। खेतड़ी नरेश अजीत सिंह ने ही स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भिजवाया था, जिसके बाद स्वामी विवेकानंद ने सनातन धर्म का परचम लहराया था।

आज खेतड़ी पर्यटन के रूप में विकसित होने के लिए बांट जोह रही है। रियासत कालीन समय से अनेक गढ़, बांध, महल, किलो का निर्माण करवाया गया था, लेकिन उनकी देखरेख नहीं होने के कारण वह जर्जर हो गए हैं। ऐसे में सरकार को खेतड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

इस दौरान बैठक में समिति के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। भोपालगढ़ के आवासीय पुस्तैनी मकानों पर नामकरण किया गया। वहीं बजरंग लाल उपाध्याय के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

इसके अलावा भोपालगढ़ में एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर विधायक से मिलकर अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए, जिससे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सहयोग मिलने से आगे बढ़ाने में मदद मिल सके। इस मौके पर समिति अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, प्रकाश शर्मा, नंदकिशोर गौड़, लक्ष्मण सिंह, वासूदेव तिवारी, गजेन्द्र पारीक, हरि सिंह, ओमप्रकाश पंवार, शंकरलाल, पवन चौहान, रामवतार सैनी,रवि सिसोदिया, जैसाराम, निकेश पारीक, विष्णु पारीक, विजेश पारीक सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सडक सुरक्षा अभियान के दौरान 101 वाहन चालको के काटे चालान

**सादुलपुर,** (निसं) । राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के दौरान 01 जनवरी से 31 जनवरी तक चलाये जा रहे अभियान अन्तर्गत रविवार को यातायात नियमो का उल्लघंन करने वाले 101 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही कर चालान काटे गये। इससे पूर्व वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर समझाईस की गई। शाम पांच बजे दी जानकारी में पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव के निर्देशन पर राज्य स्तर पर चलाये जा रहे 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ किशोरीलाल आरपीएस व निश्चय प्रसाद एम. आईपीएस वृत्ताधिकारी राजगढ के निर्देशन में रविवार को थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ के नेतृत्व में पुलिस थाना राजगढ से अलग-अलग चार टीमों का गठन कर कस्बा राजगढ में रवाना किया गया व निर्देशित किया गया की सडक सुरक्षा अभियान में यातायात नियमो की जानकारी दी जावे। जिस पर टीमों द्वारा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के दौरान कस्बा राजगढ में मुख्य स्थानों पर बैनर चस्पा किये गये तथा वाहनों पर रिफलेकटर लगाये गये तथा दुपहिया वाहन चालको को बगैर हेलमेट लगाये चलने के सम्बन्ध में गुलाब का फूल भेंट कर करीब 200 वाहन चालकों को समझाईस की गई तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 201 वाहन चालकों के विरूद्ध एमवी एक्ट में चालान करने की कार्यवाही की गई। एएसआई प्रदीप कुमार मीणा एवं चारों टीम प्रभारियों ने इस अवसर पर कहा कि जीवन जीने के लिए सुरक्षा जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें।

# नीमकाथाना जिले को पुन: बहाल करवाने को लेकर सर्व सामाजिक संगठनों की बैठक

**पाटन ।** नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर खेतड़ी रोड पर स्थित रॉयल पैलेस में सर्व सामाजिक संगठनों की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें विधायक सुरेश मोदी और पूर्व विधायक पूरणमल सैनी खेतड़ी उपस्थित रहे।विधायक मोदी ने संबोधित करते हुये कहा कि नीमकाथाना जिला बनाने की मांग आज से नहीं है बल्कि वर्षो से चली आ रही है। नीमकाथाना को जिला बनाने के पश्चात् भाजपा सरकार ने नीमकाथाना को जिला हटाने का जो काम किया है उससे नीमकाथाना की जनता में काफी आक्रोश है। नीमकाथाना को जिला बनाने के लिए जो विरोधाभास बयान बाजी आ रही है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। नीमकाथाना में 17 महीनों तक कलेक्टर को बैठाया गया था इससे साफ जाहिर है कि नीमकाथाना जिले के सभी मापदंड पूरे कर रहा था। उदयपुरवाटी, खेतड़ी, श्रीमाधोपुर तहसील के लोग नीमकाथाना जिला बनने पर बहुत खुश हुए थे और उन सभी के काम सुचारू रूप से होने लगे थे। यही नहीं खंडेला विधायक सुभाष मील ने भी विधानसभा सत्र में कहा था कि खण्डेला की 13 पंचायतों को नीमकाथाना जिला मे जोड़ा जाये जिससे इन लोगों को भी मूलभूत सुविधाएं मिल सके।

जिला टुटने के 7 दिन पहले उदयपुरवाटी और खेतड़ी के कुछ लोगो ने ज्ञापन दिया कि इन पंचायतों को नीमकाथाना में जोड़ा जाये। जिला नीमकाथाना बनने के बाद सरकार ने अब तक 60 लाख रूपये का खर्चा किया है उसमें भी 42 लाख रूपये कमप्यूटर, फर्नीचर, कुर्सियों में ख़र्च किया है, जबकि सरकार का यह कहना है जिले के लिए करोड़ों का खर्चा होता यह सब गलत है। विधानसभा सत्र में भी हमने कहा था कि नीमकाथाना जिला अपने आप में सक्षम जिला है अगर सरकार के पास बजट नहीं है तो सरकार बजट न दे, नीमकाथाना खुद अपने आप में व्यवस्था कर लेगा। उसके बावजूद भी भाजपा सरकार ने नीमकाथाना को जिला की सूची से हटा दिया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला बचाओं संघर्ष समिति ने यह फैसला लिया है कि आने वाली 13 जनवरी को रामलीला मैदान नीमकाथाना में एक बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा और एक उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**छठे दिन भी हड़ताल जारी रही-** संघर्ष समिति नीमकाथाना के बैनर तले छठे दिन भी भूख हड़ताल जारी रही, जिसमें विधायक सुरेश मोदी ने भूख हड़ताल पर बैठे लोगो को माला पहनाकर संबोधित किया।भूख हड़ताल पर जतन किशोर सैनी, नरेन्द्र कुमार सैनी एडवोकेट, न्यूटन सैनी एडवोकेट, संदीप यादव एडवोकेट, और बंटी वर्मा ने नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ कर धरने को जारी रखा।इस मौके पर पूर्व विधायक खेतड़ी पूरणमल सैनी, जयराम सिंह डाबला, पी.डी. यादव, मूकेश दिवाच, लालचन्द गुर्जर, कैलाश बापिया, कमल सैनी पूर्व पंचायत समिति सदस्य, कृष्ण कुमार यादव माकड़ी, पवन मील, लक्ष्मण नेहरा, छीतरमल बौथ, राजवीर जाखड़, राजेश मीणा, सुभाष जाखड़, डॉ रणजीत जाखड़, मूलचन्द सैनी सरपंच, जतनकिशोर सैनी सरपंच, राजेन्द्र यादव सरपंच पापड़ा, गोपाल सैनी पूर्व सरपंच, महेन्द्र बिजारणियां, बालूराम यादव, प्रवीण जाखड़, भूपेन्द्र सिंह मावण्डा, राजेन्द्र महराणिया, राजपाल डोई ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पाटन, हसामपुर ,डाबला, बागोली, मांवडा,पपुरना, सिरोही, कांवट, गुहाला, सराय - सुरपुरा, दलेलपुरा से सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## समीक्षा बैठक आयोजित

**रतनगढ़,**(निसं)। स्थानीय ग्रामीण किसान छात्रावास रतनगढ़ में विगत 29 दिसंबर को हुए प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मुकंदाराम नेहरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मंच सचिव महेंद्र डूडी ने बताया की बैठक में कार्यक्रम का प्रतिवेदन और आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया।बैठक में आगामी दिवस में मंच की और से छात्रावास परिसर में अध्ययनरत और अन्य प्रतिभाओं के साथ केरियर दिवस कार्यक्रम मनाने, समाज के कमजोर तबके के छात्र छात्राओं की काउंसलिंग करके उनके लिए समाज स्तर पर कार्य करने और समाज के सभी वर्गों के लिए कृषि और खेती किसानी संबंधित सेमिनार आगामी दिवसों में आयोजित करने के प्रस्ताओं पर विचार करके सर्वसम्मति से पारित किया गया। ग्रामीण किसान छात्रावास अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर ने इस बार के ऐतिहासिक आयोजन को आर्थिक सौजन्य पारित करने वाले केपीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के साथ ही टीम वर्क के रूप में काम करने वाले सभी कार्यकारिणी सदस्यों के लिए धन्यवाद प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# नित्य थेरेपी से शरीर के सभी रोगों से मुक्ति संभव: हेमलता

**चूरू ।** स्थानीय जीके मॉल स्थित सेराजेम थेरेपी सेंटर में 12जी मेकिंग फ्रेंड्स फैमिली फॉर हेल्दी 100 ईयर अभियान के अंतर्गत रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

- सेराजेम में 12जी मेकिंग फ्रेंड्स फैमिली फॉर 100 ईयर कार्यक्रम में विजेताओं को किया सम्मानित



प्रतिभागियों को आई कवर प्रदान कर सम्मानित किया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर की ब्रह्माकुमारी हेमलता बहिन व चूरू ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की सुमन बहिन थी। सेंटर की संचालिका मंजू देवी ने बताया कि स्पाइन मंथ में कुल 13 लोगों ने भाग लिया, जिसमें सोहनलाल सोनी प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ब्रह्माकुमारी हेमलता बहिन ने कहा कि नित्य थेरेपी का लाभ लेने से शरीर के सभी रोगों से मुक्ति मिलती है। कार्यक्रम में विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शत प्रतिशत उपस्थिति वाले प्रतिभागियों को आई कवर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ताराचंद सैनी, कमल किशोर, शारदा देवी, राकेश जांगिड़, देवकीनंदन स्वामी, नौरंग लाल, राजेंद्र शर्मा, मुखराम आदि को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपक, बाबूलाल, विष्णु दत्त स्वामी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। निदेशक दयाराम ने सभी का आभार व्यक्त किया।